प्रेस नोट दिनांक- 16.05.2025

थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली

❖थाना मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा चोरी की 02 मोबाइल के साथ 02 शातिर अभ्यस्त अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक चन्दौली, आदित्य लांग्हे के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक सदर (आईपीएस) अनन्त चन्द्रशेखर एवं क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर राजीव सिसौदिया के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय गगन राज सिंह के कुशल नेतृत्व में मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर बनारस पब्लिक स्कूल के पास से 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 02 मोबाइल बरामद की गयी।
गिरफ्तार अभियुक्तो की पहचान मोहित साहनी उर्फ ऑटो खेसारी पुत्र चमरू साहनी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सुजाबाद थाना रामनगर जनपद वाराणसी व सोनू साहनी पुत्र महाबली साहनी उम्र 22 वर्ष निवासी सुजाबाद थाना रामनगर जनपद वाराणसी के रूप में हुई।
01 अभियुक्त मौके से अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया। भागने वाले व्यक्ति का नाम गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अल्फाज अहमद पुत्र रियाजुद्दीन निवासी शक्तिघाट, सुजाबाद थाना रामनगर जनपद वाराणसी बताया गया।
गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वह तीनों लोग अलग अलग जगह से मोबाइल चुराया करते है। हम दोनों के पास एक-एक चोरी का मोबाइल है और जो भाग गया है उसके पास तीन मोबाइल है। सारे मोबाइल को हम तीनों लोग मिलकर चुराते है फिर घूमने फिरने वाले लोगों को बेच देते है।

बरामदगी विवरण -

02 चोरी हुआ मोबाइल
•कम्पनी VIVO रंग नेवी ब्लू
•मोबाइल कम्पनी realme रंग गाढ़ा हरा

(मोबाइल स्वामी की जानकारी कर बरामद मोबाइल के उपयोगकर्ता को सुपुर्द किया जायेगा।)

नाम पता अभियुक्तगण-

1.मोहित साहनी उर्फ ऑटो खेसारी पुत्र चमरू साहनी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सुजाबाद थाना रामनगर जनपद वाराणसी
आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 50/24 धारा 411 भादवि व 22/8 NDPS Act थाना जीआरपी वाराणसी
2. मु0अ0सं0 135/21 धारा 411/414 भादवि थाना जीआरपी वाराणसी
3. मु0अ0सं0 269/2025 धारा 317(2), 112(2)B.N.S. थाना मुगलसराय चन्दौली

2.सोनू साहनी पुत्र महाबली साहनी उम्र 22 वर्ष निवासी सुजाबाद थाना रामनगर जनपद वाराणसी

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 91/20 धारा 379/411/413 भादवि थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 269/2025 धारा 317(2), 112(2)B.N.S. थाना मुगलसराय चन्दौली

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मुगलसराय-

1. प्रभारी निरीक्षक गगन राज सिंह थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
2. उ0नि0 अभिषेक शुक्ला चौकी प्रभारी जलीलपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
3. हे. का. रजनीश राय थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
4. हे.का.गौरव सिंह थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
5. का. नजाकत हुसैन थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।